# माजीसा धाम पर भक्ति संध्या के बैनर का विमोचन किया

**जोधपुर**, (कासं)। माता का थान स्थित माजीसा धाम पर आयोजित होने वालीभक्ति संगीत संध्या के बैनर का विमोचन आज धाम के गादीपति मोहन लाल के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर मंडल के अर्जुन गहलोत,प्रकाश सुथार, मोहित, भावेश,, भरत, वह खुशाल इस पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम के संयोजक उम्मेद सिंह ने बताया कि माजीसा धाम, गांधी नगर, माता का थान स्थिति माजीसा धाम पर दाता सवाई सिंह भोमिया सा भक्त मंडल के तत्वावधान में 25 मार्च, चैत्र शुद्धि चांदनी सातम को भक्ति संगीत संध्या (जागरण) का भव्य आयोजन किया जाएगा।

सुभाष वैष्णव एव पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

धाम के गादीपति मोहनलाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में नखत बन्ना धाम बावड़ी बेरा, तिवरी के गादीपति गणेश गिरी, हनुमान शनि धाम, प्रताप नगर जोधपुर के गादीपति गोपाल महाराज व वृंदावन के दामोदर महाराज भारद्वाज अतिथि रहेंगे।




जोधपुर में माता का थान स्थित माजीसा धाम पर आयोजित होने वाली भक्ति संगीत संध्या के बैनर का विमोचन गादीपति मोहन लाल के सानिध्य में किया।

## बिल्डर को रकम लौटाने का दिया आदेश, जुर्माना

**जालोर**, (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जालोर के पीठासीन अधिकारी धनश्याम यादव ने एक महत्वपूर्ण फैसले में बिल्डर को उपभोक्ता के साथ हुई लापरवाही पर कडा रुख दिखाया है। परिवादी मुस्तकीम पठान द्वारा दायर शिकायत पर सुनवाई करते हुए आयोग ने बिल्डर अमर आदेवर इन्फ्रास्ट्रक्चर (इन्द्रप्रस्थ) बिल्डर कम्पनी परिवादी को एक लाख पैसठ हजार रूपये अदा करने सहित बीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया।

परिवादी मुस्तकीम पठान जालोर ने उपभोक्ता आयोग मे परिवाद पेश कर बताया कि उसने जालोर मे वर्ष 2015 में 1,65,000 रुपये जमा कर 2 बीएचके रेजिडेंशियल प्लॉट बुक कराया था। बिल्डर द्वारा समय पर प्लॉट का कब्जा देने का आश्वासन दिया गया, लेकिन लंबे समय बीतने के बावजूद न तो कब्जा दिया गया और न ही कोई निर्माण कार्य हुआ। यहां तक की नोटिस देने के बाद भी बिल्डर की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। जिस पर आयोग के अध्यक्ष धनश्याम यादव व सदस्य निरंजन शर्मा ने बिल्डर को आदेश दिए कि परिवादी को 1,65,00 रुपये वापस लौटाने के साथ मानसिक व आर्थिक क्षति के लिए दस हजार रुपये व वाद व्यय के लिए दस हजार सहित बीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया।

# रतनाराम सुंदेशा माली समाज सेवा समिति के अध्यक्ष बने



जालोर शहर के भीनमाल रोड पर सुंधा माता मंदिर में सुन्देशा माली समाज सेवा समिति की बैठक में रतनाराम सुन्देशा को सर्व सहमति से अध्यक्ष घोषित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर शहर के भीनमाल रोड पर परिवहन विभाग ऑफिस के सामने टेकरी पर स्थित सुंधा माता मंदिर में सुन्देशा माली समाज सेवा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें रतनाराम सुन्देशा को सर्व सहमति से अध्यक्ष घोषित किया।

सुन्देशा माली समाज सेवा समिति की बैठक श्री सुंधा माताजी मंदिर परिसर में रविवार को अध्यक्ष हुक्मीचंद माली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आय-व्यय व निर्माण कार्य की चर्चा की। इसके साथ मंदिर में विकास कार्य को लेकर सदस्यों ने अपने विचार रखे।

जिसके बाद सर्व सहमति से सुन्देशा माली समाज सेवा समिति के नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा का प्रस्ताव रखा। रतनाराम सुन्देशा को सर्व सहमति से माला पहनाकर अध्यक्ष घोषित किया। उसके बाद नए अध्यक्ष के साथ कमेटी के लोगों ने सुंधा माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान बैठक में भोमाराम सुन्देशा, नेनाराम, रमेश, गणपत, बाबुलाल, सावलाराम, तेजाराम, ईश्वर, मुकेश, विनोद, शांतिलाल,ओमप्रकाश, चेतन, जेठाराम, हंसाराम, पुखराज, भवरलाल, महेन्द्र, शांतिलाल, विनोद व अशोक सुन्देशा आदि मौजूद रहे।

# गणगौर महोत्सव मनाया



रेवदर के अग्रवाल धर्मशाला में गणगौर महोत्सव का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**रेवदर**, (निसं)। अग्रवाल समाज आबूरोड व अग्रवाल महिला सरंक्षक मण्डल के सानिध्य में महिलाओं के पावन पर्व गणगौर महोत्सव पर शनिवार शाम 4 बजे रेवदर के अग्रवाल विष्णु धर्मशाला के अग्रसेन चौक परिसर पर मातारानी ईथर गणगौर की, समाज के पदाधिकारियों, महिलाओं ने अग्र वन्धुओं, बालिकाओं ने आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

तत्पश्चात् अग्रवाल संरक्षक मण्डल की सभी महिलाओ ने समाज के सभी पदाधिकारीयो का साफा व दुपट्टा व उपस्थित सभी अग्रवन्धुओं का दुपट्टा पहनाकर स्वागत, व अभिनन्दन किया। उसके पश्चात् बडी धूमधाम से ढोल नगाडे व डी जे साउण्ड पर शोभायात्रा रवाना हुई. जो शहर के मुख्य बाजार से होती हुई पुन धर्मशाला में खत्म हुई। शोभायात्रा में महिलाओ, बालिकाओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया, शोभायात्रा में सभी का जोश, उमंग, उत्साह देखने लायक था, सभी महिलाये बालिकायें, नृत्य व गरबे का आनंद लेती हुई चल रही थी, शोभायात्रा में सभी छोटी बडी बालिकाये कलश लेकर चल रही थी। शामायात्रा में पूरे रास्ते मे श्याम मित्र मण्डल, अग्रवाल जागृति मंच, भाजपा के नगर मण्डल अध्यन मनीषजी सिघले, भारत विकास परिषद,भगवती सागर चेटीयल ट्रस्ट, संस्थान द्वारा आतिशवाजी व जलपान की व्यवस्था रखी हुई थी, थोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर मातारानी ईडक गणगौर की पूजा अर्चना की व सभी का स्वागत सत्कार किया। जगह जगह अल्पाहार, आइसक्रीम व शीतलपेय की व्यवाथा रखी गयी थी। समाज सेवी व भामाशाह श्री सागरमलजी अग्रवाल के परिवार द्वारा अग्रवाल संग्रक्षक मण्डल की महिलाओं का शॉल उ?ाकर व सभी ब्यावलियो को गिफ्ट व दुपट्टा उडाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। अंत मे बडे जोश, उमंग, उत्साह के साथ नाचते गाते हुये थोभायात्रा धर्मभाला परिसर पहुंची। वहां पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी के लिये चाय, नाश्ते एवम अल्पहार की व्यवस्था की गई थी।. परिसर में अग्रवाल समाज द्वारा सभी ब्यावलियो को गिफ्ट व चयनित सोलह श्रृंगार से सजी घजी महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में संग्रक्षक मण्डल की महिलाओ ने उपस्थित सभी को शोभायात्रा को सफल भव्य, सूंदर एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

इस दौरान समाज के अध्यक्ष नेमीचन्द अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुरारीलाल अग्रवाल, महामंत्री शम्भूलाल अग्रवाल, सहमंत्री प्रदीप मितल, कोषाध्यक्ष स विनय सिंघल, अखिलेश अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल मित्तल ,सतीश अग्रवाल जावल,अग्रवाल महिला संकक्षक मण्डल से श्रीमती ममता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल (पप्पी), सुनीता जैन, छाया गर्ग, विमला अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सुनीता मित्तल, राधा सिंघल ,रमा गुप्ता,शोभा गर्ग, संगीता अग्रवाल, अलका गर्ग, सीमा मगला,रेखा अग्रवाल, काफी संख्या में अग्रबद्धु व महिलायें व बालिकाएं उपस्थित रही।

## अर्थराइटिस से जुड़ी समस्याओं पर व्याख्यान

**जालोर**, (कासं)। जालोर के मूलत निवासी जोधपुर शहर के प्रतिष्ठित ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अशोक विश्नोई ने रविवार को जालोर शहर के निजी होटल में जोडों के दर्द पर तथा अर्थराइटिस से जुडी समस्याओं पर अपना व्याख्यान दिया।

डॉ.विश्नोई ने रोबोटिक के जरिए होने वाली सर्जरी के फायदे बताए तथा लोगों के मन से संशय एवं डर दूर किया।इस जागरुकता प्रोग्राम में सम्मिलित होकर शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त की एवं डॉक्टर साहब से प्रश्न करके अपने समस्याओं का समाधान किया।

इस जागरुकता प्रोग्राम के संयाजेक तरुण सिद्धावत, राजेंद्र भूतडा, सपना बजाज, पायल सिद्धावत, अशोक शर्मा, हरबंश सिंह, जयपाल सिंह, राजू चौधरी, दीपक त्रिवेदी, जुगल दवे,मोनू सैयद,आमीर खान, वरुण शर्मा, निशांत शर्मा,विकास सोलंकी, नितिन सोलंकी, रमेश सांखला, महेंद्र पूरी, कल्पेश शर्मा, नीरज शर्मा, भरत जोधवानी, लक्ष्मीकांत दवे, सोनू सोनी, नितेश भटनागर, मनीष व्यास, अशोक गहलोत, जितू सोनी, जितेंद्र जीनगर, खेताराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक तरुण सिद्धावत ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्वच्छता संदेश दिया

पाली, (नि.सं.)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'माय भारत' प्लेटफॉर्म के माध्यम से जिले में मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है।

मेरा युवा भारत पाली के निर्देश अनुसार नेहरू युवा मंडल द्वारा रूपावास ठाम में तालाब के आसपास सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# गौरव बोहरा ने जीता मल्ला श्री प्रतियोगिता का खिताब



फलोदी में शौर्य दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मल्ला श्री प्रतियोगिता 2026 हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**फलोदी**, (नि.सं.)। शौर्य दिवस पर रविवार को मल्लाश्री प्रतियोगिता समिति के तत्वावधान में जिला स्तरीय मल्ला श्री प्रतियोगिता 2026 का आयोजन फलोदी के सीनियर हायर सेकेंड्री मैदान में किया गया।

इस प्रतियोगिता फलोदी जिले की गांव ढाणियों से कई युवाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने शौर्य का दमखम दिखाया जिसमें अपनी ताकत,बल और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए गांव लॉर्डिया के युवा गौरव बोहरा ने मल्लाश्री का खिताब अपने नाम कर गांव लोर्डिया सहित समूचे फलोदी जिले का नाम रोशन कर दिया। गौरतलब है कि मलाश्री विजेता गौरव बोहरा एक वेट लिफ्टर भी है जिन्होंने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में परचम लहराकर फलोदी का नाम रोशन किया है। युवा गौरव बोहरा फलोदी के लोर्डिया गांव के निवासी है। पूर्व में भी राहुल बोहरा ने किया था मल्ला श्री का खिताब अपने नाम जो लोर्डिया गांव के ही निवासी है। इस तरह लोर्डिया गांव के युवाओं ने मल्लाश्री का खिताब लगातार एकबार फिर अपने ही कब्जे में रखकर गांव को गौरवान्वित कर दिया। इस दौरान गांव लोर्डिया के प्रकाश चंद्र बोहरा,युवा गोपाल बोहरा, राजा ओझा,प्रेम प्रकाश पुरोहित,शिक्षाविद आसुलाल छंगाणी, वरिष्ठ वेट लिफ्टर हरिकिशन थानवी उर्फ टाइगर, जयराम गज्जा, शिक्षक विशम्बर थानवी, कोच वासुदेव थानवी,भाजपा नेता धनसुख टरु व सौरभ बोहरा आदि उपस्थित रहे।

## भटाना में चिकित्सा शिविर आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। पूर्व पंचायत समिति सदस्य रणजीत सिंह देवडा की 23वीं पुण्यतिथि पर शिव हॉस्पिटल पाथवाडा एवं ग्राम वासियों की ओर से रविवार को ग्राम पंचायत भटाना में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शिविर का विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया गया।

उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वज्ञ रणजीत सिंह देवडा के द्वारा क्षेत्र के विकास में करवाए विकास कार्य का योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।

कैंप में करीब 5० ओपीडी का चेक अप शिव हॉस्पिटल के डॉक्टर मोहलिक एम डी एवं हार्दिक त्रिवेदी ऑर्थोपेडिक एवं टीम के द्वारा किया गया। जरूरतमंद व्यक्ति को दवाई भी शिव हॉस्पिटल के द्वारा उपलब्ध करवाई।

इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर ईश्वर सिंह,मेल नर्स मंगलाराम,पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरीश पटेल ,अमृतलाल पुरोहित ,गोविंद राम पुरोहित, गणेश कुमार पुरोहित, अर्जुन राम चौधरी, दिलीप कुमार पुरोहित, रविंद्र सिंह देवडा, पर्वत सिंह रावना राजपूत, भीम सिंह रावना राजपूत, चंदन सिंह पादर, रसूल खान, कैलाश मेघवाल ,जैताराम चौधरी, महेंद्र कुमार मेघवाल, उपसरपंच प्रभु राम देवासी, विक्रम सिंह राव , राजू भाई पुरोहित, अशोक राज पुरोहित समेत सैकडों ग्रामीण जन एवं शिव हॉस्पिटल के अरविंद कुमार पुरोहित सुमित पूरी टीम मौजूद रही।

# झूंपी शरीफ का 25 वां उर्स मुबारक कुल की रस्म के साथ संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। हिन्दू-मुस्लिम कौमी एकता की मिशाल दादा साहब हजरत उमर शाह आबाद र.अ. झूंपी शरीफ सुमेर झूपी, तहसील देसूरी, जिला पाली वालों का 25वां उर्स मुबारक 21 मार्च को बड़ी शानों शौकत व एतराम के साथ मनाया गया व 21 मार्च शाम को महफिल कवाली व अल सुबह कुल की रस्म अदा की गई। उसके बाद गद्दी नसीन अय्युब साहब द्वारा उर्स समापन की घोषणा की।

दरगाह कमेटी के सज्जादा नसीन अय्युब शाह हुसैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस साल भी हिन्दू-मुस्लिम कौमी एकता की मिशाल दादा साहब हजरत उमर शाह आबाद र.अ. सुमेर झूंपी वालों का 25वां उर्स मुबारक बड़ी शानो शौकत व एहतराम के साथ मनाया गया। उर्स में जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर, अजमेर, अहमदाबाद, मुम्बई, ब्यावर, सोजत, मारवाड़ जंक्शन, आबूरोड सहित कई जगहों जायरिन शिरकत कर चादर पेशकर देश में अमन व चैन भाईचारे की दुआएं मांगी। उर्स के दौरान जायरिनों के लिए शुद्ध शाकाहारी लंगर की माकूल व्यवस्था की गई है।

मीडिया प्रभारी जस्साराम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हजरत उमर शाह आबाद र.अ. सुमेर झूंपी उर्स के दौरान 21 मार्च शनिवार को बड़ी चादर शरीफ पेश की गई। उसके बाद महाप्रसादी (लंगर खाना)। वहीं रात 11 बजे महफिले कव्वाली का आयोजन जिसमें दिल्ली के मशहूर कव्वाल मेराज एण्ड पार्टी व पगड़ीबंद कव्वाल तौफिक रोशन (जमाल रोशन) एण्ड पार्टी मनमोहक कव्वालियां व कलाम पेशकर समा बांध दिया।

कव्वाल मेराज एण्ड पार्टी ने महफिल शुरूआत हर कर्म अपना करेंगे ये वतन तेर लिये, दिल दिया है जान भी देंगे ये वतन तेरे लिये मनमोहक कव्वाली पेशकर कौमी एकता की महफिल को चार चांद लगा दिया। वहीं 2. सब कहते है तुझको झूपी वाले प्रिया... 3. सबको हसन का सदका दिया सहित कई मनमोहक कव्वालिया पेशकर समा बांध दिया। वहीं मदन जांगिड़ ने भजन ओलू घणी आवे ताणी... ओलू घणी आवे...भजन पेशकर समा बांध दिया।

उर्स के दौरान एंकर मोहम्मद शरीफ छीपा आकाशवाणी नागौर द्वारा बेहतरीन एंकरिंग की गई। पिछले छब्बीस वर्षो से मोहम्मद शरीफ छीपा एंकरिंग कर रहे है।

उर्स के दौरान बेहतरीन समाजसेवा करने वाले लंगर का इंतजाम 20 मार्च को प्रसादी उम्मेद कंवर जयसिंह चौहान निवासी लाम्पी, 21 मार्च को महाप्रसादी हस्तीमल, राहूल बरलोटा जैन बारसा बैंगलोर, 22 मार्च को प्रसादी जीवाराम परिहार निवासी दूसरी ने महाप्रसादी फ्री सेवा व बस फ्री सेवा देसूरी से झूपी गोपाल कृष्ण श्रीमाली, नवीन कुमार, सन्देश कुमार एवं जोधपुर से झूपी फ्री बस सेवा इमरान खाँ, आशिफ खां, निवासी जोधपुर वालों द्वारा प्रदान की गई। वहीं नागौर आकाशवाणी के एंकर मोहम्मद शरीफ छीपा, पत्रकार गुलाम मोहम्मद, नदीम आफरीदी, राजू भाई लाईट डेकोरेशन, इमाम साहब दाउद हुसैन का साफा व माला पहनाकर इस्तकबाल किया गया। देर रात्रि 22 को सुबह कुल रस्म अदा की गई। कव्वाल तौफिक रोशन एण्ड पार्टी द्वारा रंग पेश किया गया। उसके बाद गद्दी नसीन अय्युब साहब द्वारा उर्स समापन की घोषणा की गई। इस दौरान उर्स कमेटी के जीवाराम परिहार, हरीसिंह राजपुरोहित, जसाराम चौधरी, गोपाल कृष्ण श्रीमाली, रमण जैन, हस्तीमल जैन, भंवरसिंह राजपुरोहित, मनोज कुमार, हाजी कासम खा, यासीन खा, कादर खा आदि कार्यकर्ता सराहनीय सहयोग प्रदान किया।




दादा साहब हजरत उमर शाह आबाद र.अ. झूंपी शरीफ सुमेर झूपी, तहसील देसूरी, जिला पाली वालों का 25 वां उर्स मुबारक शानों शौकत के साथ संपन्न हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

## दिगंबर जैन मुनि का मंगल प्रवेश पाली में आज

**पाली**,(नि.सं.)। आचार्य विहर्ष सागर महाराज ससंघ उदयपुर से विहार करते हुए सोमवार का संभवत धर्म नगरी पाली में मंगल प्रवेश होगा।आचार्य संघ मे कुल 7 मुनिमहाराज व 8 आर्यिका माताजी है।

दिगंबर समाज के प्रवक्ता राजकुमार कटारिया ने बताया कि पाली में आचार्य संघ की मंगल अगवानी करने में समाज में का वातावरण है। आचार्य संघ की अगवानी पुरुष वर्ग व महिलाओं के साथ गाजे बाजे के साथ की जायेगी।अगवानी मस्तान बाबा चोराहे पर की जायेगी।

## पेंशनर 'काला दिवस' मनायेंगे

**सायला**, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज, उपशाखा सायला की ओर से केंद्र सरकार की पेंशनर विरोधी नीतियों के खिलाफ क?ा रुख अपनाने का निर्णय लिया गया है। उपशाखा अध्यक्ष खंगाराराम जीनगर ने बताया कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, नई दिल्ली के आ ान पर देशभर के पेंशनर लामबंद हो रहे हैं। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पेंशनभोगियों के हितों के विरुद्ध जारी वैधता अधिनियम-2025 के विरोध में 25 मार्च को काला दिवस के रूप में मनाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसको लेकर समस्त पेंशनभोगी उपखंड कार्यालय सायला के समक्ष एकत्रित होंगे और प्रात: 11 बजे उपखंड अधिकारी कार्यालय, सायला में अपने हाथों पर काली पट्टी बांधेंगे।

# गज सिंह व हेमलता राज्ये आज करेंगे पूजा-अर्चना

**जोधपुर**, (कासं)। पूर्व नरेश गज सिंह व हेमलता राज्ये सोमवार को प्रात: 11 बजे मां नागणेच्या मंदिर में पंडित अभिषेक जोशी द्वारा करवाए जा रहे नौ कुंडीय यज्ञ में बैठकर आहुतियां देंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह थोबा ने बताया कि इस अवसर पर दूधेश्वर महादेव मठ गाजियाबाद के नारायण गिरी जी महाराज ,जसदेसर मठ तारातरा बाड़मेर के गादीपति व विधायक पोकरण प्रताप पुरी जी महाराज,बाबा रामदेव मंदिर राइकाबाग जोधपुर के अचलानंद गिरी महाराज,मां आशापुरा माता मंदिर सिवाना के गादीपति नृत्य गोपाल महाराज का सम्मान व बहुमान होगा।

सचिव कल्याण सिंह राठौड़ ने बताया कि नागणेच्या मंदिर में नवरात्रि के दौरान जोड़े से हवन करने वाले बांजाकुड़ी के भंवर सिंह राठौड़ ,भाड़वी के जालम सिंह राठौड़ ,कोसेलाव के महावीर सिंह जोधा, समदड़ी के राम सिंह करनोत , मेंगलवा के कांतिलाल सोनी ,सूरजड़ा के नंदू सिंह राठौड़ ,कवान के जगदीश सिंह राठौड़, बस्सी के श्रवण सिंह सोढा , बस्सी के भंवर सिंह सोढा हवन कर रहे हैं । आकेली बी के कुंदन सिंह राठौड़ मंदिर में 9 दिन चलने वाले राजोपचार पूजा के मुख्य यजमान है ।

इस अवसर परमेदिर की मुख्य पोल निर्माण के लिए 21 राज्य 21 लख रुपए का सहयोग देने वाले पप्पू सिंह चाहड़देव केलनकोट, मंदिर से बचपन से जुड़े रहने वाले भामाशाह राम सिंह करनोत समदड़ी ,मंदिर कार्य में लगातार सहयोग देने वाले मेहताब सिंह करनोत समदड़ी एवं मंदिर कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले भामाशाह भंवर सिंह राठौड़ रनियादेसीपुरा का सम्मान किया जाएगा।

# रामनवमी शोभायात्रा पर चर्चा

**पाली**, (नि.सं.)। हिन्दू महोत्सव समिति विश्व हिन्दू परिषद की बैठक पानी दरवाजा स्थित पीपा दर्जी समाज भवन में सम्पन्न हुई।

जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए हिन्दू महोत्सव समिति के मंत्री परमेश्वर जोशी ने कहा कि रामनवमी का पर्व और भव्य शोभायात्रा समाज में उत्साह और एकता का प्रतीक होती है। रामनवमी शोभायात्रा कैसे भव्य बने पाली शहर में हर वर्ष के भाति इस वर्ष भी रामनवमी शोभायात्रा 26 मार्च को बड़े ही धूम धाम से निकाली जाएगी, जिसमें पाली शहर के सर्व हिन्दू समाज के लोग भागीदारी निभाये कार्यकर्ता हर समाज संगठन से सम्पर्क कर रामनवमी शोभायात्रा में आने का निमंत्रण दें।

हिन्दू महोत्सव समिति के अध्यक्ष रंगलाल जाट ने कार्यकर्ताओ को रामनवमी शोभायात्रा में तन मन धन से जुड़ने का निवेदन किया। साथ ही शोभायात्रा पिछले साल से भव्य हो ।

रामनवमी शोभायात्रा के संचालन में 120 से अधिक कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए है ।

रामनवमी रामोत्सव महोत्सव प्रोग्राम के तहत 24 मार्च मंगलवार को प्रभु श्री राम दरबार का अभिषेक व श्रृंगार कार्यक्रम पानी दरवाजा स्थित गोपीनाथ जी के मंदिर में दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा।

जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी में नरेंद्र माछर, बाबूलाल कुमावत, अनिल चौहान,प्रविण परिहार, आनन्द स्वरूप गुप्ता, रामसुख पायक, हरीश पांडे,प्रवीण सोनी,प्रविण उपाध्याय, कुशल शर्मा, केलाश कुमावत, महेंद्र प्रजापत, श्रवण भिलवाला, दुर्गेश चौहान, प्रमोद गौड, गौरव शर्मा, हरीश सोनी,रामचंद्र जांगिड़, देवकिशन देवड़ा,नीरज सोनी, नंदू अरोड़ा,रविन्द्र चौहान, अनिल सोनी, दिलीप कुमावत, हजारीलाल यादव, अनिल सोनी,बाबूदास वैष्णव, गोविंद मेगवाल,किशोर सेन,अनिल सोनी,भरत शर्मा, केलाश जीनगर,प्रताप सिंह, यश बारिया, दीपक सोनी,देवेंद्र अरोड़ा, विकाश सोनी,दीपक सोलंकी, रितिक दवे सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं रविवार को शाम 4:00 बजे 16 वा वार्षिक पाटोंउत्सव मेंले की तैयारी को लेकर कार्यकारिणी की विशेष बैठक रखी गई । जिसमें मेले के मुख्य संरक्षक पुखसिंह राजपुरोहित ने मीटिंग की अध्यक्षता की। मेले में धन संग्रह हेतु मेला ओमप्रकाश ओझा को कोषाध्यक्ष बनाया। उसके बाद विभिन्न समितियां बनाकर जवाबदारी दी गई।

## 225 मरीजों का निःशुल्क उपचार

**पाली**, (नि.सं.)। ( धर्मेंद्र वैष्णव ) रोटरी क्लब पाली व अपोलो हास्पिटल अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर हुआ।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओमप्रभाजी अतिरिक्त जिला कलेक्टर पाली द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष दिनेशचंद मेहता एवं सचिव वर्धमान भंडारी ने बताया कि शिविर में 225 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। इस शिविर में अपोलो हॉस्पिटल अहमदाबाद के डॉ .दरिया सिंह एवं उनकी टीम में डॉ. रमेश भाटी, डॉ. गौरव जोधा, राहुल जोशी, गौरव वेश्य एवं डा. ध्रुव पटेल कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन ने मरीजों की जांचकर उपचार किया।